## खबर संक्षेप



### पुलिस कंट्रोल रूम में सुनी लोगों की समस्याएं

**कटनी।** मंगलवार को पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा द्वारा पुलिस कंट्रोल रूम कटनी में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई के दौरान करीब 50 आवेदकों की समस्याएं सुनी गईं तथा संबंधित अधिकारियों को नियमानुसार त्वरित एवं निष्पक्ष निराकरण के निर्देश दिए गए। साथ ही पूर्व में आयोजित जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों पर की गई कार्यवाही की भी समीक्षा की गई। पुलिस अधीक्षक ने लंबित प्रकरणों में प्राथमिकता से कार्रवाई कर आवेदकों को संतुष्टिपूर्ण जवाब देने हेतु स्पष्ट निर्देश दिए। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कटनी डॉ. संतोष डेहरिया, नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पचीसिया, एसडीओपी विजयराघवगढ़ वीरेंद्र धार्वे, एसडीओपी स्लीमनाबाद आकांक्षा चतुर्वेदी एवं उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय उमराव सिंह उपस्थित रहे।

### सहायक लेखा अधिकारी का 2 दिन का वेतन काटने का आदेश

**कटनी।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शिशिर गेमावत ने जनपद पंचायत रीठी के ग्राम पंचायत बड़गांव और ग्राम पंचायत पोड़ी में मनरेगा योजना के तहत टाईमली पेमेंट कम पाये जाने पर सुधा मनसौरिया सहायक लेखा अधिकारी जनपद पंचायत रीठी का दो दिवस का वेतन काटने का आदेश पारित किया है। श्री गेमावत ने जारी आदेश में कहा कि मनरेगा पोर्टल पर एमआईएस रिपोर्ट का अवलोकन करने पर जनपद पंचायत रीठी के ग्राम पंचायत बड़गांव का टाईमली पेमेंट 99.88 प्रतिशत एवं ग्राम पंचायत पौड़ी का टाईमली पेमेंट 99.62 प्रतिशत पाया गया। जोकि 100 प्रतिशत से कम है। इस संबंध में आपको बार-बार समीक्षा बैठकों व प्रतिदिन रिपोर्ट के द्वारा बार-बार अवगत कराया गया। श्री गेमावत ने इसे लापरवाही एवं वरिष्ठ कार्यालयों के आदेशों की अवहेलना एवं स्वेच्छाचारिता मानते हुए 2 दिवस का वेतन कटौती आदेश जारी किया है।

### अलग अलग हादसों में तीन की हुई मौत

**कटनी।** माधवनगर, कुठला एवं एनकेजे थाना क्षेत्र में हुए अलग-अलग थाना सड़क हादसों में तीन लोगों की मौत हो गई है। सूचना पर पुलिस ने मामलों को जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार माधवनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत विक्की उर्फ वेदांत भूमिया पिता सुमित भूमिया 3 निवासी ग्राम भिटौनी की एक्सीडेन्ट में मौत हो गई है। इसी प्रकार कुठला थाना क्षेत्र अंतर्गत इन्द्रानगर ओवर ब्रिज में राजीव पांडेय पिता रामबाबू 48 निवासी कानपुर नगर उत्तरप्रदेश की एक्सीडेन्ट में मौत हो गई है। तीसरी घटना एनकेजे थाना क्षेत्र की है। नीरज कोल पिता बिहारी लाल 32 निवासी ग्राम बनहरी थाना उमरिया वर्तमान पता ग्राम जुहला थाना एनकेजे की एक्सीडेंट के कारण मौत हो गई है। सूचना पर पुलिस ने तीनों शवों का पोस्टमार्टम कराते हुए मर्ग प्रकरण दर्ज कर मामलों को जांच में लिया है।

### सड़क हादसे में युवक सहित प्रौढ़ की मौत

**कटनी।** बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत परसवारा मोड़ यात्री प्रतिक्षालय के सामने संतोष मिश्रा पिता स्व. मूलचंद्र मिश्रा 55 निवासी मझगवां थाना बड़वारा की एक्सीडेंट से आई चोटों के कारण मौत हो गई है। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराते हुए मर्ग प्रकरण दर्ज कर मामले को जांच में लिया है। इसी तरह स्लीमनाबाद से सिहोरा रोड एनएच-30 में ट्रक क्रमांक एनएल 01 एजे 3158 का चालक लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए चन्दन कुमार यादव पिता अजय पाल 28 निवासी रुपनगर थाना मेरापुर जिला फतेगढ को टक्कर मार दी, जिससे युवक की मौत हो गई है।

## कोतवाली पुलिस ने अलग अलग स्थानों में कार्यवाही कर तस्करों को किया गिरफ्तार

# सात तस्करों से 10 किलो गांजा बरामद, 2 लग्जरी कार सहित मोटर साइकिल जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कोतवाली पुलिस ने बड़ी मात्रा में गांजा जब्त करते हुए 7 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। साथ ही दो चारपहिया वाहन एवं एक मोटर साइकिल भी जब्त की गई है। थाना प्रभारी अजय बहादुर सिंह ने बताया कि गत को रात्रि में करीब 10 बजे मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि दुबे कालोनी में शिवधाम के पास एक संदिग्ध व्यक्ति जो अपने साथ मोटर सायकल लिए है और गांजा लिए खड़ा है। सूचना पर तत्काल थाने से स्टाफ को रवाना किया गया। पुलिस को आता देखकर एक लड़का अपनी मोटर क्रमांक MP 16 ZE 2910 चालू करने का प्रयास करने लगा। तब तक पुलिस उसके पास पहुंच गई। संदिग्ध से उसका नाम व पता पूछने पर अपना नाम ओमप्रकाश पिता मैयादीन पटेल 28 वर्ष नि. राजनगर वार्ड नं. 07 जिला छतरपुर का होना बताया। बैग की तलाशी लेने पर 2.822 कि.ग्रा. गांजा पाया गया कीमती 28000 रूपए आंकी गई है। आरोपित पर धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का कायम कर विवेचना में लिया गया है।

इसी तरह रात्रि रोड़ पैट्रोलिंग के दौरान कार क्र. MP 20 CF 7354 गायत्री नगर पुलिया के आगे बैलट घाट जाने वाले रास्ते में संदिग्ध हालत में खड़ी थी। चैक करने पर उसमें 04 व्यक्ति बैठे हुए थे। नाम व पता पूछने पर शिवा कुशवाहा पिता संजय कुशवाहा 28 वर्ष नि. प्रताप वार्ड पनागर जबलपुर, . नरेश पिता सुखराम वंशकार 32 वर्ष नि. बालमपुर सूखी सेवनिया भोपाल, अजीत शर्मा पिता जागेश्वर प्रसाद शर्मा 34 वर्ष नि. व्यास मोहल्ला पनागर जिला जबलपुर, महेश पिता रमेश वंशकार 31 वर्ष नि. मुड़िया खेड़ा थाना सलामतपुर जिला रायसेन बताए। कार की तलाशी लेने पर कार की डिग्गी में 5 पैकेट मिले जिन्हें खोलकर चैक करने पर 5.035 कि.ग्रा. गांजा बरामद किया गया जिसकी कीमत करीब 50000 रूपए बताई गई। कार व गांजा को जब्त कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया तथा धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का कायम कर विवेचना में लिया गया है।

मंगलवार को सुबह करीब 10.00 बजे ईलाका भ्रमण के दौरान उनि. अरूणपाल सिंह को गायत्री नगर पंप हाउस के पास एक बलैनो कार क्र. MP 20 CK 3356 संदिग्ध हालत में खड़ी मिली। जिसमें दो लड़के बैठे हुए थे। नाम व पता पूछने पर महेन्द्र श्रीवास पिता राजेन्द्र श्रीवास 30 वर्ष नि. बड़ी खिरहनी दुर्गा चौक, दीन दयाल तिवारी पिता घनश्याम तिवारी 37 वर्ष नि. जमुनिया हजारी थाना हिण्डोरिया जिला दमोह बताए। कार की तलाशी लेने पर कार की डिग्गी में 2.037 कि.ग्रा. गांजा कीमती 21000 रूपए पाया गया। गांजा एवं कार जब्त कर आरोपियों के विरूद्ध धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का कायम कर विवेचना में लिया गया है।

### कार्रवाई में ये रहे शामिल

कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली अजय बहादुर सिंह, उनि. कुलदीप सिंह, महेन्द्र जायसवाल, अरूणपाल सिंह, प्र.आर. अजीत मिश्रा, नीरज तिवारी, अनुराग सोनकर, उमेश सिंह, आर. अजय प्रताप सिंह, उपेन्द्र सिंह, अमित सिंह, प्रवीण सिंह, अनिल गौतम, अमरजीत सिंह,विकास राय, हरिओम सिंह, सतीश सिंह, रोहित सिंह, बुधराज सिंह, मंसूर हुसैन, मोहन मण्डलोई एवं मयंक सिंह की अहम भूमिका रही।

### महिला के पास से 14 हजार रूपए का गांजा

**कटनी।** माधवनगर पुलिस ने एक महिला के पास से गांजा जब्त करते हुए गिरफ्तार किया है। यह कार्यवाही एसपी अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, डॉ संतोष डेहरिया अति. पुलिस अधीक्षक, श्रीमती नेहा पच्चीसिया नगर पुलिस अधीक्षक कटनी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक अभिषेक चौबे के नेतृत्व में की गई। थाना प्रभारी अभिषेक चौबे ने बताया कि 16 जून 25 को क्षेत्र भ्रमण के दौरान शमशान घाट के पास चाँदमारी में एक महिला पुलिस को देख कर घबरा गई। महिला हाथ में एक पीले रंग का थैला लिये थी, जिसको छिपाने का प्रयास करने लगी। पकड़ी गई 45 वर्षीय महिला थाना माधवनगर क्षेत्र की निवासी है। थैले को चेक करने पर उसमें अवैध रूप से 1 किलो 400 ग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमती करीब 14000/- रूपये का रखे हुए मिला। विधिवत कार्यवाही कर महिला से गांजा जप्त किया गया। आरोपिया को गिरफ्तार कर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। माधवनगर पुलिस की इस कार्यवाही में निरीक्षक अभिषेक चौबे के कुशल नेतृत्व में उन नि. दीपू सिंह कुशवाहा, सउनि. राजेश बागरी, सउनि. वैजंती सिंह, आर. राघवेन्द्र सिंह, आर. लोकेन्द्र सिंह, आर. उमाकांत तिवारी, म.आर. नीलम केशरवानी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## निगमायुक्त ने अभियान की तैयारियों को लेकर ली बैठक

# अमृत हरित अभियान में पौधारोपण के साथ संरक्षण की भी करें तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



अमृत हरित अभियान के सफल क्रियान्वयन को लेकर निगमायुक्त नीलेश दुबे ने मंगलवार को निगम के अधिकारियों के साथ आवश्यक बैठक आयोजित कर समस्त आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में आयुक्त दुबे ने हरित अभियान को लेकर अब तक की गई समस्त व्यवस्थाओं और तैयारियों की जानकारी ली और अधिकारियों को अभियान को वृहद और सफल बनाने हेतु शहर में पौधारोपण हेतु उचित कार्ययोजना तैयार करते हुए उसपर अमल करने के निर्देश दिए।

निगमायुक्त ने निर्देशित किया कि पौधारोपण हेतु शहर के सुरक्षित स्थानों को चिन्हित किया जाए तथा उन स्थानों में पौधों की लगाई जाने वाली विभिन्न प्रजाति, पानी एवं उनके संरक्षण का विशेष ध्यान रखते हुए कार्य योजना तैयार की जाए । इसके साथ ही पौधों को संरक्षण देने हेतु सुरक्षित बाउंड्री वॉल एवं ट्री गार्ड आदि की व्यवस्था करने नवीन ट्री गार्ड के अतिरिक्त कार्यालय की वेस्ट सामग्री को रिसाइकल कर उनका उपयोग ट्री गार्ड बनाकर रियूज करने के भी निर्देश दिए हैं।

निगमायुक्त ने कहा कि अभियान के अन्तर्गत नगर निगम स्तर के अतिरिक्त छात्र-छात्राओं, सामाजिक संस्थाओं एवं आम जनों के माध्यम से अधिक से अधिक पौधे लगाने का कार्य किया जाए। ताकि अभियान के मुख्य उद्देश्य शहर में हरियाली विकसित करते हुए पर्यावरण संरक्षण की पूर्ति हो सके। जिससे भविष्य की पीढ़ियों को एक स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण मिल सके। श्री दुबे ने इस अभियान को वृहद स्वरूप प्रदान करने एवं सफल बनाने हेतु विभिन्न सामाजिक संस्थाओं,कॉलेज स्कूल के छात्र-छात्राओं एनजीओ इत्यादि को शामिल करने के साथ- साथ नागरिकों का भी अभियान में सहयोग लेने की बात कही।

निगमायुक्त नीलेश दुबे ने सभी नगर वासियों से अपील की है कि सभी अपने आस-पास के क्षेत्रों में रिक्त उपलब्ध शासकीय भूमि जो वृक्षारोपण हेतु उपयुक्त हो, ऐसे स्थानों का चयन कर पौधारोपण करते हुए शहर में हरियाली विकसित करने में अपना सहयोग प्रदान करें। बैठक के दौरान प्रभारी सहा यंत्री आदेश जैन,उपयंत्री मोना करेरा ,उद्यान पर्यवेक्षक अभिषेक अरजरिया एवं अन्य कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

## एसपी ने पुलिस कर्मियों को वितरित किये रिफ्लेक्टर बेल्ट



पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने जिले के विभिन्न थानों में पदस्थ पुलिस कर्मियों को 250 नग रिफ्लेक्टर बेल्ट प्रदान किए। सड़क सुरक्षा को लेकर पुलिसकर्मियों द्वारा रात्रि में वाहन चेकिंग किए जाने के दौरान सड़क दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। हादसों से बचाव हेतु उन्हें रिफ्लेक्टर बेल्ट दिए गए हैं। रिफ्लेक्टर बेल्ट पहनने से, पुलिस कर्मी अंधेरे में भी दूर से दिखाई देंगे, जिससे उनकी सुरक्षा सुनिश्चित होगी। और रात में सड़क पर उनकी दृश्यता भी बढ़ेगी। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया, रक्षित निरीक्षक संध्या राजपूत, यातायात प्रभारी राहुल पांडे, कंट्रोल रूम प्रभारी सुदेश समन, सूबेदार सोनम उइके एवं थानों के पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

# मूंग एवं उड़द उपार्जन के लिये पंजीयन कल से

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

विपणन वर्ष 2025-26 के लिए मूंग एवं उड़द फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर उपार्जन हेतु पंजीयन 19 जून से प्रारंभ हो रहा है। जिले के किसान ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत एवं तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र, सहकारी समितियों एवं सहकारी विपणन संस्थाओं द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्र तथा एमपी किसान ऐप पर निरूशुल्क पंजीयन करा सकेंगे। जबकि एम.पी. ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेन्टर, लोक सेवा केन्द्र एवं साइबर कैफे पर पंजीयन की सुविधा सशुल्क उपलब्ध होगी। पंजीयन की अंतिम तिथि 5 जुलाई है।

पंजीयन हेतु आधार वेरिफिकेशन जरूरी

### पहले होगा वेरिफिकेशन

पंजीयन करने से पहले किसानों के आधार नंबर का वेरिफिकेशन, लिंक मोबाइल नंबर पर प्राप्त ओटीपी या बायोमेट्रिक डिवाइस से किया जाएगा। किसानों का पंजीयन भू अभिलेख में दर्ज खाता एवं खसरे में दर्ज नाम का मिलान आधार कार्ड में दर्ज नाम से होने पर ही हो सकेगा। सिकमी एवं बटाईदार श्रेणी के किसानों का पंजीयन सहकारी समिति एवं सहकारी विपणन संस्था द्वारा संचालित पंजीयन केंद्रों पर किया जाएगा।

पंजीयन केंद्र पर किसान को आधार संबंधी दस्तावेज, आधार से पंजीकृत मोबाइल नंबर तथा सिकमी नामे की प्रति साथ में लेकर आना अनिवार्य है।

### आधार लिंक खाते में होगा भुगतान

किसान द्वारा समर्थन मूल्य पर विक्रय उपज का भुगतान किसान के आधार लिंक बैंक खाते में किया जाएगा। पंजीयन के समय किसानों को बैंक खाता नम्बर एवं आईएफएससी कोड की जानकारी भी उपलब्ध करानी होगी। यदि किसी कारणवश आधार लिंक बैंक खाते में भुगतान करने में कोई समस्या उत्पन्न होती है तो किसान द्वारा पंजीयन में उपलब्ध कराये गए खाते में भुगतान किया जाएगा।

किसान भाइयों से पंजीयन हेतु आधार नंबर से बैंक खाता एवं मोबाइल नंबर को लिंक कराकर उसे अपडेट रखने की अपील की गई है।

## स्वरोजगार के लिए कृषि उद्यमी का दिया जा रहा 13 दिनी प्रशिक्षण

# महिलाओं को दिया गया मिट्टी परीक्षण एवं जीवामृत खाद निर्माण का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान कटनी द्वारा विकासखंड विजयराघवगढ़ के ग्राम पंचायत कलहरा के मोहन टोला में 33 स्व-सहायता समूह की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने एवं स्वरोजगार स्थापित करने के लिए कृषि उद्यमी का 13 दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण संस्थान के प्रबंधक पवन कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन एवं संस्था के कर्मचारी राजेश कुमार विश्वकर्मा के सहयोग से जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे द्वारा दिया जा रहा है।

इसी क्रम में मंगलवार को मिट्टी परीक्षण का प्रयोग प्रदर्शन किया गया। इसके अंतर्गत मिट्टी परीक्षण के लिए गर्मी में गेहूं की कटाई के बाद खेत से प्रति हेक्टेयर 10 से 15 स्थान से मिट्टी का नमूना लेकर बतलाई गई विधि से 500 ग्राम मिट्टी को नमूना पत्रक के साथ मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला भेजने तथा परिणाम पत्रक में दी गई सिफारिश के अनुसार फसलों में खाद देने की तकनीकी जानकारी दी गई।

मिट्टी परीक्षण से पीएच मान, जैविक कार्बन, विद्युत चालकता, अम्लीयता, छारीयता, नाइट्रोजन, फास्फोरस एवं पोटाश की भूमि में उपलब्धता की जानकारी प्राप्त होती है।

प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि शीघ्र खाद के अंतर्गत जीवामृत खाद बनाने के लिए देसी गाय का गोबर 10 किलोग्राम, गोमूत्र 10 लीटर, गुड़ 2 किलो, बेसन 2 किलो, मिट्टी 2 किलो एवं पानी 200 लीटर की मात्रा में लेकर सभी चीजों को एक ड्रम में घोलकर एक सप्ताह तक छाया में रखें दिन में दो बार लकड़ी के डंडे से घोल को हिलाए। इसके बाद सिंचाई पानी के साथ खेत में बहाएं।

## जनसुनवाई में 125 व्यक्तियों ने अधिकारियों को बताई समस्याएं

# गिट्टी डालकर चार माह से बंद पड़ा सड़क निर्माण, चोटिल हो रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में अधिकारियों ने यहां पहुंचे 125 आवेदकों की समस्याएं और शिकायतें सुनीं एवं संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। यह जनसुनवाई समस्त उपखंड, तहसील, जनपद पंचायत एवं ग्राम पंचायत स्तर पर भी आयोजित की गई।

जनसुनवाई के दौरान अपर कलेक्टर साधना परस्ते, डिप्टी कलेक्टर प्रमोद चतुर्वेदी, विवेक गुप्ता, ज्योति लिल्हारे एवं एसडीएम कटनी प्रदीप मिश्रा मौजूद रहे।

### सात महीने बाद भी आज तक नहीं बन पाई सड़क

वार्ड 11 सिद्ध महाराज कॉलोनी के वॉर्डवासियों ने जनसुनवाई के दौरान खितौली सड़क निर्माण को पूर्ण कराने की मांग करते हुए बताया 7 माह पूर्व सड़क निर्माण का कार्य शुरू किया गया था। सड़क में खुदाई करवाकर गिट्टी डाल दी गई, परंतु विगत 4 माह से सड़क निर्माण का कार्य बंद पड़ा हुआ है। जिससे आमजन को आने जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं अब तक कई लोग गिरकर घायल भी हो चुके हैं। इस पर बरही सीएमओ को उचित कार्यवाही कर शिकायत के निराकरण के निर्देश दिए गए।

### दिलायें प्रधानमंत्री आवास

बहोरीबंद निवासी सुजान चौधरी पिता घसीटा चौधरी ने आवेदन देते हुए कहा कि मेरे दोनों बच्चे अलग रहते हैं। मैं कच्चे मकान में रहता हूँ एवं मजदूरी कर जीवनयापन करता हूँ। मुझे प्रधानमंत्री आवास दिलाया जाय। इस पर बहोरीबंद के सीईओ को पात्रतानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

### शराब की अवैध बिक्री पर रोक लगाने की मांग

ग्राम पंचायत कठौतिया के सरपंच एवं अन्य ग्रामीणो ने आवेदन देते हुए कहा कि पंचायत के ग्राम भदनपुर में अवैध रूप से शराब विक्रय का कारोबार चल रहा है। जिससे गांव का माहौल खराब हो रहा है एवं ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसलिए आवश्यक कार्यवाही करते हुए शराब बिक्री पर रोक लगाई जाय। इस पर जिला आबकरी अधिकारी को उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

### 109 बोरी गेहूँ विक्रय की राशि दिलाने की फरियाद

ग्राम छिंदहाई पिपरिया निवासी यूनेन्द्र तिवारी पिता दद्दू तिवारी ने बताया कि मैंने 109 बोरी गेहूँ का विक्रय शिवराज स्व-सहायता समूह छिंदहाई पिपरिया खरीदी केंद्र क्रमांक 01 बगैहा 2 मई को किया था। जिसका भुगतान मुझे आज तक नहीं किया गया है। इस पर जिला आपूर्ति अधिकारी को शिकायत का निराकरण करने के निर्देश दिए गए।



# आरटीओ ने की स्कूल बसों की जांच, फिटनेस की गई निरस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर मंगलवार को अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी द्वारा जिले में पंजीकृत स्कूल बसों की जांच की गयी। जांच के दौरान देल्ही पब्लिक स्कूल की 2 बसों पर सुप्रीम कोर्ट की गाइड लाईन के अनुसार स्पीड लिमिट डिवाईस, व्हीएलटीडी, पैनिक बटन एवं अग्नि शमन यंत्र नहीं पाये जाने के कारण फिटनेस निरस्त की कार्यवाही की गयी।

### यात्री बसों पर भी कार्यवाही

इसके अलावा जिले में चल रही समस्त यात्री बसों की भी जांच की गयी। जिसमें 5 बसों पर भी स्पीड लिमिट डिवाईस, व्हीएलटीडी, पैनिक बटन एवं अग्नि शमन यंत्र नहीं पाये जाने पर फिटनेस निरस्तीकरण की कार्यवाही करते हुये वाहन जब्त कर कुठला थाना कटनी में सुरक्षार्थ खड़ा कराया गया।

## खबर संक्षेप



### रात में पुलिस ने चलाया सघन जांच अभियान

**कटनी।** पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया है कि नशे में वाहन चलाने वाले लोगों पर कार्रवाई की जाए। इसी कड़ी में माधव नगर थाना पुलिस ने रात में सघन चेकिंग अभियान संचालित किया। संदेहास्पद लोगों तथा वाहनों की गहन जाँच की गई। पुलिस द्वारा यह चेकिंग अभियान माधव नगर गेट पर चलाया गया थाना प्रभारी अभिषेक चौबे का कहना है कि वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में आगे भी इस तरह की चेकिंग अभियान जारी रहेगा लोगों से अपील है कि पैनिक ना हो, और प्रशासन का सहयोग करें जहां देखा गया की बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी चेकिंग अभियान चलाया गया।

### वार्ड में चला सघन फॉगिंग अभियान

**कटनी।** शहर में मच्छर जनित बीमारियों के नियंत्रण हेतु नगर की सुचारू सफाई व्यवस्था के साथ ही तमाम आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग को दिए है। आदेश के परिपालन में दो पालियों के माध्यम से शहर की सुचारू सफाई व्यवस्था के प्रयास के साथ ही कीटनाशक दवाओं का छिड़काव एवं फॉगिंग (दवा का छिड़काव) किया जा रहा है। स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि निर्देशों के अनुपालन में विगत दिवस निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा क्षेत्रीय वार्ड पार्षद की जानकारी एवं वार्ड दरोगा की मौजूदगी में संत कवरराम वार्ड क्रमांक 42 के विभिन्न स्थलों मानसरोवर कालोनी, रॉबर्ट लाइन, चंदू कोयला मार्ग, सतीश मोटवानी मार्ग, लीला राम डेयरी, गंगाराम कटारिया मार्ग,बंगाली कॉलोनी की विभिन्न गलियों सहित वार्ड के अन्य स्थलों में फागिंग मशीन से रासायनिक धुंआ का छिड़काव का कार्य किया गया।

### प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण की हुई समीक्षा



**कटनी।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शिशिर गेमावत द्वारा प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के सुचारू संचालन के लिए समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने खाद्यान्न उठाव की स्थिति, बच्चों की उपस्थिति, एसएमएस मील सर्व, रसोइयों के प्रशिक्षण व स्कूल में खाने के सैंपल की जांच की गहन समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके अलावा श्री गेमावत ने जिन विद्यालयों द्वारा प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण कार्य किया जा रहा है, वहां शीघ्र स्व-सहायता समूह से प्रस्ताव मंगवाने बीआरसी को निर्देशित किया । बैठक में जनपद पंचायत कटनी, रीठी, बहोरीबंद, बड़वारा, ढीमरखेड़ा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, एपीसी, बीआरसी, बीएसी की उपस्थिति रही।

### जन अभियान परिषद के कार्यपालक निदेशक का किया स्वागत

**कटनी।** मप्र जन अभियान परिषद के कार्यपालक निदेशक डॉ. बकुल लाड भोपाल से चित्रकूट जाते समय सोमवार देरशाम कटनी अल्प प्रवास पर पहुँचे। इस मौके पर जिला समन्वयक डॉ. तेजसिंह केशवाल के नेतृत्व में जिले के विकासखंड समन्वयकों,नवांकुर संस्थाओं और प्रस्फुटन समिति के प्रतिनिधियों, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के परामर्शदाताओं ने उनका आत्मीय स्वागत किया। कार्यपालक निदेशक ने परिषद की संचालित योजनाओं के अंतर्गत की जाने वाली गतिविधियों के संचालन के संबंध में जानकारी ली। आगामी समय में प्रवास के माध्यम से ग्रामों में किए जाने वाले कार्यों और कार्यक्रमों के अवलोकन करने की बात कही।

---

### वर्षा काल में निकलने वाले कई तरह के कीड़े होते हैं जहरीले, सावधानी जरूरी

# बरसात का मौसम आते ही तरह तरह के कीड़ों की भरमार से बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

बरसात का मौसम आते ही तरह तरह के कीड़े-मकोड़ों का आतंक शुरू हो गया है। शाम होते ही बिजली चालू करने पर बल्ब-ट्यूब लाइट के आसपास बड़ी संख्या में कीड़े मंडराने लगते हैं। खासकर नालियों के आसपास लगे विद्युत पोलों में ये कीड़े बडी संख्या में दिखाई देते हैं। इन्हें भगाना काफी मुश्किल होता रहा है। लाइट की रोशन में घंटों तक ये कीड़े उड़ते रहते हैं। कई तरह के कीड़े घरों में प्रकाश देखकर अंदर घुसते हैं जिससे सबसे अधिक परेशानी बच्चों को हो होती है। कीड़े मकोड़े एवं जीव जंतुओं के काटने की आशंका से घर के बड़े बुजुर्ग भी चितिंत रहते हैं। घर के बाहर लगीं स्ट्रीट लाइट्स के आसपास भी छोटे कीड़ों की भरमार रहती है। कई बार कीड़ों की भरमार के चलते उठना बैठना खाना पीना भी कठिन हो जाता है। सबसे ज्यादा झींगुर, पंखीयारी, व काले कीड़े परेशानी का सबब बनते हैं। यदि इनको मारने के लिए दवा का छिड़काव करें तो स्थिति और बिगड़ जाती है। घर में भी लोग खाना मुश्किल से कर पा रहे हैं।



#### क्या कहते हैं चिकित्सक

चिकित्सकों का कहना है कि बरसात में निकलने वाले कई कीड़े जहरीले होते हैं। इसीलिए लोगों को चाहिए इससे बच्चों का बचाव करें। वे भी शाम के पहले ही भोजन कर लें। अगर आपकी बालकनी में लाइट लगी हुई है और रात को चालू रखना चाहती हैं तो शाम होने से पहले अपने कमरे की खिड़कियों को बंद कर दें। वहीं बरसात के मौसम में खिड़कियों के आसपास पौधों को हटाकर रखें, दरअसल कुछ लोग घर के अंदर भी पौधे रखते हैं, लेकिन बरसात में शाम के टाइम इन्हें बाहर रख दें। शाम के समय कुछ देसी उपाय कर सकते हैं। इसके लिए सूखी नीम की पत्तियों भी जला सकते हैं। घरों के अलावा कार्यालयों व स्कूलों में बरसात के समय विषेले जीव निकलने के मामले समाने आते रहते हैं।

#### बरसात में बरतें सावधानी

अच्छी बारिश के साथ ही खरीफ सीजन की खेती किसानी का कार्य शुरू हो जाता है ऐसे सर्पदंश की घटनाएं बढ़ने लगती है। ग्रामीण क्षेत्रों में बाड़ियों व कच्चे घरों में सर्प एवं जहरीले कीड़ों के काटने के मामले बढ़ने लगते हैं।

#### सूखी व सुरक्षित जगह की तलाश

सर्प पकड़ने वाले विशेषज्ञों का कहना है कि बारिश के समय घरों के आसपास खाली पड़े प्लाटों में पानी भरने की वजह से यह जीव जंतु सुरक्षित व सूखी जगह की ओर रुख कर लेते हैं। ऐसे में कई जगह घरों में घुस जाते हैं।

#### सांप के काटने से युवती की मौत

बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम उरदानी में एक युवती को सर्प ने काट लिया जिससे उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार ग्राम उरदानी निवासी 18 वर्षीय दीपा केवट पिता मंजू केवट को जहरीले सर्प ने काट लिया जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। परिजन उसे उपचार के लिए अस्पताल में लाए जहां इलाज के दौरान युवती ने दम तोड़ दिया।

---



## मुहास, देवगांव सहित बिलहरी में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

### ग्रामीणजनों को जन कल्याणकारी योजनाओं की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार एवं जितेन्द्र कुमार शर्मा, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में मंगलवार को जनपद पंचायत रीठी के ग्राम मुहास मंदिर, देवगांव एवं बिलहरी में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में सुमित शर्मा व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड सचिव के द्वारा ग्रामीणजनों को जन कल्याणकारी योजनों की जानकारी प्रदान की गई। साथ ही ग्रामीणजनों से उनके राशन कार्ड, आधार कार्ड एवं आयुष्मान कार्ड के संबंध में जानकारी ली और कहा कि अगर कार्ड बनवाए जाने में कोई समस्या आती है तो आप जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैरालीगल वालेंटियर्स के सहयोग से कार्ड बनवा सकते हैं।

हर्षित बिसेन जिला विधिक सहायता अधिकारी के द्वारा निःशुल्क विधिक सहायता, म.प्र. अपराध पीड़ति प्रतिकर योजना, नालसा टोल फ्री नम्बर 15100 की जानकारी प्रदान की और कहा कि किसी प्रकार की कानूनी समस्या के समाधान के लिए आप स्वयं एवं पैरालीगल वालेंटियर के माध्यम से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से संपर्क कर सकते हैं।

इस अवसर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारी राजनिवास पाण्डेय, संदीप मिश्रा एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहें।

---

### नागरिकों को मिलेगी मूलभूत सुविधाएं, दूर होंगी परेशानियां

## विभिन्न वार्डों में 1 करोड़ 13 लाख रूपए से कराएं जाएंगे विभिन्न विकास कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नागरिकों को सड़क, पानी, बिजली आदि की सुविधाएं समय पर प्रदान कर नगर का चहुंमुखी विकास किये जाने हेतु महापौर प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देशन में निगम प्रशासन द्वारा नगर के विभिन्न वार्डो में विकास कार्य कराये जा रहे है। निगम प्रशासन द्वारा लगभग 1 करोड़ 13 लाख 13 हजार 928 रूपये से विभिन्न विकास कार्य कराएं जाएंगे। सुगम आवागमन को दृष्टिगत रखते हुए जिन वार्डों में सीसी रोड का निर्माण कार्य कराया जाना है उन्में लाल बहादुर शास्त्री वार्ड में 6.73 लाख रूपये, जलापा देवी वार्ड में 6.63 लाख रूपये, 7.12 लाख रूपये सहित वार्ड के अन्य स्थलों में 7.29 लाख रूपये शामिल है। इसी तरह महात्मा गांधी वार्ड स्थित मलिन बस्ती में 8.41 लाख रूपये, पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड में 8.53 लाख रूपये, नेहरू वार्ड में 8.80 लाख की लागत से सी.सी सड़क का निर्माण कार्य कराया जायेगा।



जालपा देवी वार्ड मे राष्ट्रीय स्कूल ग्राउंड के पीछे रोड के दोनों ओर 4.65 लाख तथा मुक्तिधाम परिसर एन.के.जे के सामने मुख्य मार्ग की ओर 5.64 लाख की लागत से पेवर ब्लाक फ्लोरिंग का कार्य कराया जायेगा। जबकि बाल गंगाधर तिलक वार्ड स्थित मुक्तिधाम परिसर में 4.38 लाख रुपये की लागत से रैम्प का निर्माण किया जायेगा। वहीं वंश स्वरूप वार्ड में चंदी की दफई में 8.80 लाख की लागत से बाउण्ड्रीवाल एवं परिसर में शीट लगाई जायेगी। इसके अतिरिक्त पंडित दीनदयाल वार्ड में बग्घा बाबा तलैया चित्रगुप्त मंदिर के बाजू से 1.60 लाख रुपये की लागत से प्रसाधन का निर्माण कार्य कराया जायेगा।

नगर की स्वच्छता एवं सफाई व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड के विभिन्न स्थलों में 6.77 लाख, बाबू जगजीवन राम वार्ड स्थित जैन कॉलोनी में 9.61 लाख रूपये की लागत से विभिन्न स्थलों पर सी.सी.रोड एवं नाली निर्माण, अंबेड़कर वार्ड के विभिन्न स्थलों में 9.67 लाख रूपये, महारानी लक्ष्मी बाई वार्ड सिविल लाईन में 4.25 लाख रूपये से राजू पहलवान के सामने वाली गली में नाली निर्माण का कार्य कराया जायेगा।

---

### लंबित प्रकरणों का संतुष्टीपूर्ण निराकरण करने दिए निर्देश



सी.एम हेल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण हेतु नगर निगम की गठित टीम उत्कृष्ट कार्य कर रही है, कुछ शाखा के द्वारा कार्य में रूचि नहीं लिए जाने के कारण ग्रेडिंग में प्रतिकूल असर पड़ रहा है, अतः ऐसे विभाग गंभीरता पूर्वक विभागीय शिकायतों का निर्धारित समय-सीमा में निराकरण करें। उक्त निर्देश नगर निगम आयुक्त नीलेश दुबे नें मंगलवार को आयोजित सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों की समीक्षा बैठक के दौरान निगम के लेबल अधिकारियों को दिए। निगमायुक्त श्री दुबे द्वारा बैठक के दौरान सीएम हेल्पलाइन की विभिन्न शाखाओं की लंबित शिकायतों, 100 दिवस से अधिक की शिकायतों, नॉन अटेंडेंस शिकायतों की विभागवार समीक्षा करते हुए शिकायतकर्ताओं से संपर्क कर प्रकरणों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण कराकर प्रतिवेदन दर्ज करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए। निगमायुक्त श्री दुबे ने अधिकारियों को सी.एम हेल्पलाइन की भवन अनुज्ञा एवं लोक निर्माण विभाग से संबंधित, पेयजल, विद्युत, पेंशन प्रकरणों, स्थाई एवं अस्थाई अतिक्रमण, साफ-सफाई आदि की लंबित शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण कर आगामी ग्रेडिंग मे विभाग को उच्च पायदान पर पहुंचाने हेतु गंभीरता से सार्थक प्रयास करने के निर्देश दिए।

---

## महापौर ने 13 हितग्राहियों को अनुग्रह राशि के स्वीकृति पत्र वितरित किए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा 16 जून को जबलपुर जिले के बरगी में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, संबल योजना और सिलेंडर रिफिलिंग योजना में हितग्राहियों के खातों में सिंगल क्लिक के माध्यम से राशि का अंतरण किया। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण नगर निगम के मेयर इन काउंसिल सभागार में महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, निगमायुक्त नीलेश दुबे एवं एमआईसी सदस्यों, योजनाओं के हितग्राहियों की गरिमामय मौजूदगी में देखा व सुना गया।



कार्यक्रम के दौरान महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त नीलेश दुबे द्वारा जनप्रतिधियों के साथ संबल योजना के अन्तर्गत नगर निगम क्षेत्र के मौजूद 13 हितग्राहियों को अनुग्रह राशि के स्वीकृति पत्र वितरित किए गए।

वहीं राज्य स्तरीय कार्यक्रम के माध्यम से लाड़ली बहना योजना अंतर्गत नगर निगम क्षेत्र की 28 हजार 503 लाडली बहनों के खाते में जून माह की 1250 रुपए के मान से 25 वीं किश्त की राशि अंतरित की गई। इसके साथ ही सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत 6180 हितग्राहियों के खातों में पेंशन राशि का अंतरण किया गया।

इस दौरान एमआईसी सदस्य सुभाष साहू,डॉ रमेश सोनी, सुरेंद्र गुप्ता आदि की उपस्थिति रही।

---

### ट्रक ड्राइवर की मौत के मामले में कलेक्ट्रेट पहुंचकर सौंपा ज्ञापन

## ड्राइवर संघ ने किया अर्धनग्न प्रदर्शन, हत्या के मामले में लीपापोती का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

ट्रांसपोर्ट कार्यालय में ट्रक ड्राइवर की मौत के मामले मे ड्राइवर संघ ने अर्धनग्न होकर परिजनों के साथ कलेक्टर कार्यालय में ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन देने पहुंचे ड्राइवर संघ के साथ मृतक के बडे भाई ने कहा की राजेश दुबे निवासी ग्राम पडरी थाना जमोडी जिला सीधी म.प्र. की मौत के मामले में पुलिस ने आरोपियों से सांठ-गांठ कर हत्या का प्रकरण दर्ज न कर पूरे मामले में खेल कर दिया।



मृतक के भाई ने कहा की मेरा भाई राजेश दुबे ट्रक ड्राइवर था। मेरे भाई राजेश दुबे का ड्रायविंग लाइसेंस बैढन न्यायालय के द्वारा माह अप्रैल 2025 में मोटर व्हीकल प्रकरण में 6 माह के लिये निरस्त किया गया था। मेरा भाई घर में ही रहता था, तथा मेरा भाई ड्रायवरी का काम नहीं कर रहा था। 30 मई को आरोपी सतीशचन्द्र रावत अविनाश रोड कैरियर ट्रांसपोर्ट के मालिक के द्वारा राजेश्वर मिश्रा, निवासी सिंगरौली म.प्र. को फोन पर मेरे भाई राजेश दुबे के फांसी लगाये जाने की सूचना दी गई थी। तब राजेश्वर मिश्रा के द्वारा हमें सूचित किये जाने पर हम लोग तुरन्त कटनी आये थे। उन्होंने कहा की मैं अपने परिवार के साथ जब कटनी आया तब मेरे द्वारा व मेरे परिवार का द्वारा मेरे बड़े भाई राजेश दुबे के शव का अवलोकन किया गया था। मेरे भाई के पूरे शरीर में चोटो के नीले निशान थे, तथा दोनों पैर के तलबे में नीलापन मौजूद था। हमारे द्वारा तहसीलदार को भी उपरोक्त संबंध में अवगत कराया गया था। उन्होंने कहा की जिस स्थान पर मेरे भाई के साथ घटना हुई वह स्थान का मुजायना किये जाने पर यह पाया गया कि जिस तरह की घटना सतीश चन्द्र रावत अविनाश रोड कैरियर ट्रांसपोर्ट और उनके कर्मचारियो द्वारा बताई जा रही है, वह पूर्णतः मनगढंत, और झूठी है। सतीशचंद्र रावत और उनके कर्मचारियों द्वारा भिन्न भिन्न कथन दिये जा रहे थे, तथा मेरे भाई के शव की जो फोटो हमने देखी उसमें मेरे भाई के पैर जमीन पर टिके हुए थे, हाथ रहस्मय ढंग से सीने में टिका हुआ था। जिस रस्सी से राजेश का लटकना बताया जा रहा था और शव के साथ जो गमछा था वह पूर्णतः अलग है। पुलिस पर गुमराह करने के आरोप भी लगाए गए हैं।

---

### महापौर ने दी विकास कार्य की सौगात, कहा नगर विकास में कोई कमी नही छोड़ी जाएगी

## नारायण शाह वार्ड में 1.19 करोड़ के विकास कार्यों का हुआ भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

उपनगरीय क्षेत्र स्थित बाबा नारायण शाह वार्ड में महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी की गरिमामय उपस्थिति तथा निगम पार्षदों एवं क्षेत्रीय गणमान्य नागरिकों की मौजूदगी में 1.19 करोड़ रुपए की लागत से सुगम जल निकासी हेतु बनने वाले बड़े नाले के निर्माण कार्य का भूमिपूजन विधि विधान से संपन्न हुआ। भूमिपूजन के दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य डॉ रमेश सोनी, सुभाष साहू, सुरेंद्र गुप्त, गोविंद चावला, सुमन राजू माखीजा, क्षेत्रीय पार्षद श्याम पंजवानी, उमेन्द्र अहिरवार, शकुंतला सोनी, ईश्वर बहरानी, पूर्व पार्षद राजू माखीजा, कमलेश चौधरी सहित गणमान्य नागरिक राजू असरानी, देवानंद असरानी, सौरभ अग्रवाल सहित स्थानीय नागरिकों की मौजूदगी रही।

महापौर श्रीमती सूरी ने कहा कि सरकार विकास के लिए समर्पित है। नागरिकों की सुविधा को देखते हुए सभी विकासोन्मुखी कार्य प्राथमिकता से कराए जा रहे हैं। महापौर श्रीमती सूरी ने कहा की केंद्र की नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश की डॉ मोहन यादव की सरकार सहित खजुराहो लोकसभा के सांसद विष्णु दत्त शर्मा के सहयोग से नगर निगम विकास के लिए संकल्पित है,उसी क्रम में नगर के विकास कार्यों की भूमिका तैयार की जा रही है। उन्होंने आश्वस्त किया कि शहर में सभी विकास कार्य कराकर इसे स्वच्छ, सुंदर एवं सुविधा संपन्न शहर बनाया जायेगा। विकास यात्रा अभी मुकाम तक नहीं पहुंची है।



इसके पूर्व भूमिपूजन करने पहुंची महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी का स्थानीय नागरिकों द्वारा पुष्पहार से जोरदार स्वागत किया जाकर इस महती सौगात के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया। भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान स्थानीय गणमान्य नागरिक कमल असरानी, सतीश मोटवानी, मातृ शक्ति आरती केवट आदि की उपस्थिति रही।

#### महापौर ने कहा हर वार्ड में होगा विकास

भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने कहा कि नगर के एक-एक वार्ड में विकास कार्य हो रहे है। कोई भी वार्ड विकास से वंचित नहीं रहेगा। उन्होंने कहा कि बारिश के दिनों में यहां पानी भरने की समस्या होती है। वार्ड वासियों के मांग पर इस गंभीर समस्या के निराकरण हेतु 1.19 करोड़ रुपए की लागत से नाला निर्माण का भूमिपूजन किया गया। इस नाले का निर्माण माधवनगर ग्राम पंचायत चौराहे से 7 इलेवन तक कराया जाएगा।

#### हल होगी जलभराव की गंभीर समस्या

स्थानीय वार्ड पार्षद श्याम पंजवानी सहित सुमन राजू माखीजा ने बताया कि इस बड़े नाले का निर्माण पूर्ण हो जाने से क्षेत्र में समदडिया कालोनी सहित ग्राम पंचायत चौराहे में अतिवर्षा के दौरान उत्पन्न होने वाली जलभराव की गंभीर समस्या से मुक्ति मिलेगी। पार्षद द्वय द्वारा द्वारा बताया गया कि महापौर श्रीमति प्रीति संजीव सूरी के मार्गदर्शन में उपनगरीय क्षेत्र में विकास कार्यों का सिलसिला अनवरत जारी है। नागरिकों को समय पर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हो सके इसके लिए भी प्रयास भी अनवरत जारी है।

---

### 27 जून को निकाली जाएगी रथयात्रा

**कटनी।** कैलवारा खुर्द स्थित मंदिर श्री जगन्नाथ ट्रस्ट कमेटी की ओर से प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले भगवान श्री जगन्नाथ रथ यात्रा महोत्सव की तैयारियों को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में लिए गए निर्णय अनुसार, इस वर्ष रथ यात्रा का आयोजन 27 जून को किया जाएगा। भगवान जगन्नाथ अपने रथ पर विराजित होकर पूरे ग्राम का भ्रमण करेंगे और पुनः मंदिर में विराजमान होंगे। आस्था और भक्ति से परिपूर्ण वातावरण में यह आयोजन संपन्न होगा।

स्वस्तिक गार्डन एंड फार्म्स रिसॉर्ट
शादी, एनिवर्सरी, बर्थडे व सभी शुभ कार्यो के लिए प्राकृतिक वातावरण एवं सुंदर सनसेट व्यू के साथ उपलब्ध है।

पता: बाबा घाट के पास, जायसवाल पेट्रोल पंप के पीछे, पांडेय जी का बगिचा
संपर्क करें : 9301818276, 7489325162
स्वस्तिक गार्डन एंड फार्म्स जहाँ हर पल खास बनता है।

## खबर संक्षेप

### प्रवेश से वंचित छात्र फिर कर सकेंगे च्वाइस फिलिंग, 20 तक चलेगी प्रक्रिया

**छतरपुर।** निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत कमजोर व वंचित वर्ग समूह के बच्चों के गैर अनुदान मान्यता प्राप्त अशासकीय स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश के दूसरे चरण की प्रक्रिया 20 जून तक चलेगी। इसमें पहले चरण में प्रवेश से वंचित रहे छात्रों के माता-पिता अपनी ऑनलाइन च्वाइस फिलिंग फिर से करवा सकेंगे। 25 जून को लॉटरी से प्रवेश की प्रक्रिया शुरू होगी। जिले में पहले चरण में 398 निजी स्कूलों में प्रवेश के लिए 1387 सीट आरक्षित की गई। इनमें प्रवेश पाने के लिए 1775 लोगों ने आवेदन किए। 1589 आवेदन सत्यापित करने के बाद 978 बच्चों का प्रवेश तय किया गया। दूसरे चरण की शेष 99 सीटों के लिए प्रवेश प्रक्रिया 16 से शुरू हुई है और 20 जून के बीच चलेगी।

### बमीठा, पन्ना और सतना के फोर लेनिंग के संबंध में जन परामर्श बैठक सम्पन्न

**छतरपुर।** कलेक्टर पार्थ जैसवाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जन परामर्श बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग 39 बमीठा पन्ना सतना के फोर लेनिंग (चौड़ीकरण) के संबंध में चर्चा की गई। जिसमें लगभग 14 कि.मी. की सड़क छतरपुर जिले के राजनगर तहसील की सीमा में आती है। बैठक में वनमंडलाधिकारी छतरपुर, क्षेत्र संचालक पन्ना टाईगर रिजर्व, एडीएम छतरपुर, सहायक कलेक्टर, उप मुख्य अभियंता पश्चिम मध्य रेलवे, खजुराहो, अनुविभागीय अधिकारी राजनगर, जल संसाधन विभाग, जल निगम, लोक निर्माण विभाग, डीपीआर कंसलटेंट एनएच पीडब्ल्यूडी रीवा उपस्थित रहे।

### तरमीम और सीमांकन के लिए एक साल से भटक रहा किसान

**छतरपुर।** गौरिहार तहसील के ग्राम मुड़हरा निवासी चंद्रपाल कुशवाहा ने मंगलवार को जनसुनवाई में कलेक्ट्रेट पहुंचकर पटवारी की लापरवाही के खिलाफ आवेदन सौंपा। चंद्रपाल ने बताया कि उनकी स्वामित्व वाली भूमि की तरमीम और सीमांकन न होने से वे एक साल से परेशान हैं। चंद्रपाल कुशवाहा ने बताया कि मौजा मुड़हरा में उनकी स्वामित्व की भूमि पर वे काबिज होकर कृषि कार्य कर रहे हैं। इस भूमि पर बटा नंबर कायम है, जिसकी तरमीम वे लालस्याही से कब्जानुसार करवाना चाहते हैं। तरमीम न होने के कारण अस्थायी सीमा निर्धारित नहीं हो पा रही, और सीमांकन भी अटका हुआ है। उन्होंने कलेक्टर से मांग की कि उनके आवेदन को स्वीकार कर भूमि की तरमीम और सीमांकन का आदेश जारी किया जाए। चंद्रपाल ने बताया कि पटवारी की लापरवाही से मैं एक साल से परेशान हूँ। दो बार अधिकारियों को आवेदन दे चुका हूँ, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।

### एक ही परिवार के दो पक्षों में मारपीट, दर्जन भर घायल

**छतरपुर।** बमनौरा थाना क्षेत्र के ग्राम सलैया में जमीनी विवाद को लेकर एक ही परिवार के दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प हो गई। इस मारपीट में दोनों पक्षों से महिलाओं और पुरुषों सहित करीब एक दर्जन लोग घायल हो गए। घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसने क्षेत्र में तनाव बढ़ा दिया है। पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। विवाद की जड़ पटवारी द्वारा गलत सीमांकन बताया जा रहा है, जिसके कारण लंबे समय से चचेरे भाइयों में तनातनी चल रही थी। एक पक्ष के घायल रामकिशोर लोधी और घनश्याम लोधी ने बताया कि उनके पिता और तीन अन्य भाइयों की जमीन अलग-अलग हिस्सों में बंटी है, लेकिन पटवारी ने सीमांकन में गलती की, जिससे विवाद शुरू हुआ। रामकिशोर ने कहा, हमारी जमीन पर मकान है, और हमने बाउंड्री बनाई थी। बीती रात चचेरे भाई उसे गिराने लगे तथा रोकने पर मारपीट कर दी।

वनाधिकार कानून के लम्बित दावा निराकरण हेतु आवेदन पत्र लगवाये

# एकता परिषद ने जनसुनवाई में पहुंच कर कलेक्टर से भू अधिकार मांगा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जन संगठन म. प्र. एकता परिषद के बैनर तले तेंदूखेड़ा ब्लॉक के गांव बामनोदा, कोसमदा, खमतरा,झमारा, हनमतबागो, के आदिवासियों ने जनसुनवाई में पहुंचकर कलेक्टर दमोह से वन अधिकार कानून के लम्बित दावों के निराकरण की मांग की। साथ ही वन विभाग की मनमानी तानाशाही एवं उनके द्वारा की जा रही बेदखली को रोकने की गुहार लगाई। म. प्र. एकता परिषद के पूर्व राज्य समन्वयक एवं जिला अध्यक्ष सुजात खान, बीरेन्द्र दुबे, मान सिंह यादव ने बताया कि विगत दिनों वन विभाग द्वारा बामनोदा एवं कोसमदा के बरसों से वन भूमि पर खेती करते चले आ रहे आदिवासियों को काबिज भूमि से हटाने के संबंध में एक नोटिस दिया गया था। जिसका विधिवत जवाब पीड़ितों व्दारा डीएफओ कार्यालय दमोह को दे दिया गया है। साथ ही कलेक्ट्रेट मे आयोजित जनसुनवाई में पहुंचकर इन सभी दावेदारों ने वर्षों से लम्बित अपने दावों के निराकरण की गुहार लगाई है। एवं वन विभाग व्दारा की जा रही बेदखली, तानाशाही एवं मनमानी पर शीघ्र अंकुश लगाने की मांग की गई है। इस मौके पर राजेश आदिवासी, रमेश आदिवासी, मोहन आदिवासी सहित बडी. संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# तूफ़ान के चलते क्षतिग्रस्त हुए राय वेयरहाउस का नहीं हुआ सुधार कार्य




**जबेरा।** विगत 30 मई 2025 को साम 4 बजे जबेरा क्षेत्र के गुबरा सिंग्रामपुर में आए आंधी तूफान के कारण ग्राम गुबराकला स्थित राय वेयरहाउस छतिग्रस्त हो गया था। जिस कारण वेयरहाउस का क्षत उड़ गया और दीवाल गिर गई थी। मौके पर उपस्थित लोगो का कहना है की वेयरहाउस के टीन शेड उड़ते हुए खेत की और गए अगर वह रोड की तरफ़ आते तो जन हानि हो सकती थी। जिसमें वेयरहाउस बिल्डिंग का लाखों का नुकसान हुआ हालाकि वेयरहाउस खाली था। किंतु इतना समय व्यतीत होने के बावजूद क्षतिग्रस्त हुए बेयर हाउस का अभी तक कोई सुधार कार्य नहीं हो सका जो बरसात में परेशानी का सबब बन सकता है।

# विभिन्न थानों का किया औचक निरीक्षण

**दमोह।** जिला दमोह के पुलिस अधीक्षक,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं एसडीओपी तेंदूखेड़ा, पथरिया हटा एवं सीएसपी दमोह द्वारा थानों का औचक निरीक्षण किया गया । पुलिस महानिदेशक महोदय मध्य प्रदेश द्वारा समस्त राजपत्रित अधिकारियों को थानों का निरीक्षण करने हेतु आदेशित किये जाने पर निर्देशों के परिपालन में दिनॉक 15 जून 2025 को रात्रि 12 बजे से प्रातः 5 बजे के बीच जिला दमोह के पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी एएसपी संदीप मिश्रा, एएसपी सुजीत सिंह भदौरिया द्वारा जिले के विभिन्न थानों का औचक निरीक्षण किया गया। पुलिस अधीक्षक एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक 01,02 द्वारा किए गए आकस्मिक निरीक्षण में जप्ती माल, आर्म्स एम्यूनेशन, राईट ड्रिल सामग्री का रख रखाव चैक करते हुये हवालात चैक किया, साथ ही थाने में संधारित किये जाने वाले रजिस्टरों को चैक किया कि थाने में संधारित किये जाने वाले रजिस्टर अपडेट हैं कि नहीं, सीसीटीवी चालू है कि नहीं। एसपी ,एएसपी द्वारा लंबित सी.एम. हैल्प लाईन एवं जनसुनवाई की शिकायतों का शीघ्र संतुष्टीपूर्ण निकाल करने हेतु निर्देशित भी किया गया। इसी प्रकार अनुभाग गश्त के दौरान एसडीओपी तेंदूखेड़ा, एसडीओपी पथरिया एवं एसडीओपी हटा, सीएसपी दमोह द्वारा क्रमशः थाना जबेरा , मगरोन , हटा एवं कोतवाली का भी निरीक्षण किया गया।

# चेतन भरंगा ने किया किताब का विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह




**दमोह।** दमोह के सत्येंद्र साहू द्वारा लिखित किताब ने करो 7 का विमोचन आर के क्रिएशन द्वारा सरगम के सितारे सिंगिंग/डांस/इंस्ट्रूमेंट ऑडिशन फाइनल-प्राइज-म्यूजिकल नाईट में मुंबई से सारेगामा टॉप टेन फिनालिस्ट 2024 चेतन भरंगा जी ने किया.एल एन सिटी यूनिवर्सिटी के सौजन्य से सी एम ई ऑडिटोरियम जे के हॉस्पिटल कैम्पस कोलार भोपाल में फादर्स डे पर शाम 6 बजे से आर के क्रिएशन के तत्वाधान में सरगम के सितारे इंस्ट्रूमेंट ऑडिशन फाइनल-प्राइज-म्यूजिकल नाईट का रंगारंग कार्यक्रम देर रात तक चला सरगम के सितारे इंस्ट्रूमेंट ऑडिशन फाइनल-प्राइज-म्यूजिकल नाईट एवं ने करो 7 किताब विमोचन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुंबई से आये चेतन भारंग, अपूर्वा पांडे, हरिओम जटिया, पूर्व आईएएस राजेश मिश्रा, असीम जिंदल, रामबाबू शर्मा, पंडित बलवंत पुराणिक, आर के शर्मा,आशीष दुबे रहे.अतिथियों ने सर्वप्रथम दीप प्रजवलित कर माँ सरस्वती जी की पूजा अर्चना की.सांस्कृतिक नन्हे मुन्हे बच्चों सहित सभी कलाकारों ने शानदार प्रस्तुति दी,मुंबई से आये सिंगर चेतन भरंगा ने शानदार फ़िल्मी गाने गाये। अतिथियों ने सभी कलाकारों को शील्ड प्रदान कर पुरस्कार वितरण किया.लेखक सत्येंद्र साहू ने बताया कि ने करो किताबों की अपार सफलता के बाद ने करो 7 के सफल विमोचन के बाद ने करो 8 भी शीघ्र ही पाठकों के लिए प्रस्तुत करेंगे. कार्यक्रम का सफल संचालन जितेंद्र सिरोठिया ने किया.कार्यक्रम में हरिनारायण मीणा, मोहित, भारती श्रीवास्तव, अंजली नागर, ऋषिका ठाकुर, संघमित्रा, निधि श्रीवास्तव,, संदीप की पूरी म्यूजिकल टीम सहित हजारों दर्शक कार्यक्रम के साक्षी रहे।

# सचिवों की तबादला सूची चर्चा का विषय बनी

**पथरिया।** जिला पंचायत द्वारा विगत सप्ताह 10 जून को पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा जिला के प्रभारी मंत्री के अनुमोदन से जिले के सचिवों के तबादला सूची जारी की गई जिसमें अजय जैन का ग्राम पंचायत सिहेरा जनपद पंचायत बटियागढ़ से जमुनिया माल जनपद पंचायत पथरिया किया गया जबकि अजय जैन का कब तबादला ग्राम पंचायत सिहेरा हुआ किसी को पता ही नही है जनपद पंचायत पथरिया में प्रभारी लेखापाल यू एस मिश्रा ने बताया कि जनपद पंचायत में अजय जैन का ग्राम पंचायत सिहेरा बटियागढ़ कब आदेश हुआ कोई आदेश नही है तहसील कार्यालय में अटैचमेंट थे इसलिए वेतन जनपद पंचायत पथरिया से हो रहा था। ऐसे में जिला पंचायत का आदेश में गलती हुई या फिर पिछले आदेश जारी कर भूल गए अधिकारी जिसके कारण संबंधित सचिव उक्त पंचायत में गये नही यह संशय बना हुआ है कि आखिर जनपद पंचायत पथरिया से अभी तक वेतन मिलता रहा और किसी को सूचना नही कि सचिव जनपद पंचायत बटियागढ़ में पदस्थ हैं ऐसा महीनों चल गया और किसी को जानकारी नही जो चर्चा का विषय बना हुआ है। वही इस संबंध में प्रभारी सीईओं राम भरत कटारे से बात कि तो उनका कहना है कि हमें स्वयं जब सूची जारी हुई तभी पता चला कि अजय जैन सिहेरा जनपद बटियागढ़ में थे और अब ग्राम पंचायत जमुनिया माल जनपद पथरिया आए हैं।

# ग्राम पंचायत मौसीपुरा में घोटाले की जांच की मांग

**बनवार।** जनपद पंचायत जबेरा के ग्राम पंचायत मौसीपुरा में हुए 40 लाख के भ्रष्टाचार को लेकर जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुजान सिंह सहित भगवती मानव कल्याण संगठन के कार्यकर्ताओं ने जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी को कार्रवाई हेतु ज्ञापन दिया है। ज्ञापन में ग्राम पंचायत मौसीपुरा में फर्जी रूप से राशि का गबन किया गया है, जिसमें सरपंच और सचिव की भूमिका संदिग्ध है। जिसकी जांच की मांग जिला पंचायत सीईओ से की गई है कि जिला स्तरीय एक टीम बनाकर ग्राम पंचायत मौसीपुरा के समस्त कार्यों की जांच की जाए और दोषी सरपंच एवं सचिव लक्ष्मण सिंह लोधी पर कड़ी कार्रवाई की जाए। 2 साल पहले ग्राम लल्लूपुरा में 12 लाख 40 हजार रुपये निकाल लिए गए, लेकिन धरातल पर कोई काम नहीं हुआ। मौसीपुरा में बाउंड्री वाल के नाम पर 7.30 लाख का घोटालाः ग्राम मौसीपुरा में बाउंड्री वाल के नाम पर 7.30 लाख रुपये निकाल लिए गए, लेकिन कोई काम नहीं हुआ। नल जल मिशन के कार्यों में भी भ्रष्टाचारः* ग्राम मौसीपुरा में नल जल मिशन के द्वारा बनाई गई सीसी रोड को पंचायत की सीसी रोड बता कर राशि निकाल ली गई और अन्य कार्यों में जैसे नाडेप व सोखता गड्ढा 300000 की राशि निकाली गई और कोई कार्य नहीं हुआ है जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत में पांच कपिलधारा कुआं के पास पांच रिचार्ज पिट फर्जी मास्टर डालकर राशि निकाली जा रही है।

# ग्राम परस्वाहा में मातृ-शिशु स्वास्थ्य एवं पोषण रात्रि चैपाल आयोजित की

**दमोह ।** जिले के ग्रामीण क्षेत्र में मातृ-शिशु स्वास्थ्य एवं पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 'स्वास्थ्य एवं पोषण केन्द्रित रात्रि चैपाल' स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास के सहयोग से अंतरा फाउंडेशन द्वारा जबेरा ब्लॉक के ग्राम परस्वाहा में आयोजित की गई। इस मौके पर सरपंच विशेष रूप से मौजूद रहे। सीएचओ चेलाराम ने शुरूआती गर्भावस्था से लेकर नवजात शिशु के जीवन के आरंभ के दो वर्षों तक देखभाल हेतु आवश्यक जानकारी साझा की गई। स्वास्थ्य विभाग की इस पहल पर सरपंच ने सराहना करते हुए इसे हर माह आयोजित करने का सुझाव रखा। चैपाल में गर्भवती का शीघ्र पंजीयन, चार जांचे, संस्थागत प्रसव के महत्व एवं लाभ के बारे में बताया गया।

### दूषित मिठाइयां की 11.3 किलो का किया विनष्टीकरण

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशों के तहत खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा जांच दल ने कार्यवाही करते हुए मोबाइल फूड टेस्टिंग लेबोरेटरी के माध्यम से दमोह शहर के होटल, रेस्टोरेंट, फालूदा, आइसक्रीम एवं चाट की दुकानों औचक निरीक्षण किया है। निरीक्षण की कार्यवाही में कोतवाली रोड पर श्रीराम चाट सेंटर, सांवरिया कुल्फी आइस क्रीम,जबलपुर नाका स्थित सोनम रेस्टोरेंट,श्रीराम रेस्टोरेंट एवं पूजा रेस्टोरेंट का निरीक्षण करके मोबाइल फूड टेस्टिंग लैबोरेटरी की सहायता से दूध,दही,खोवा, लस्सी, मिठाई,फालूदा एवं चाट मटर मसाला की ऑन द स्पॉट गुणवत्ता जांच की गई है। जबलपुर नाका स्थित पूजा रेस्टोरेंट में दूषित मिठाइयां की 11.3 किलो मात्रा बाजार मूल्य 2712 रुपए का मौके पर विनष्टीकरण किया गया है। मौके पर सभी दुकानदारों को दूषित एवं असुरक्षित खाद्य सामग्री का निर्माण, भंडारण एवं विक्रय नहीं करने के निर्देश दिए गए हैं। चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला द्वारा कोतवाली रोड एवं जबलपुर नाका क्षेत्र में खाद्य सुरक्षा जन जागरूकता कार्यक्रम एवं सभी दुकानदारों को खाद्य सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। 17 जून 2025 को मोबाइल फूड टेस्टिंग लेबोरेटरी द्वारा विजय नगर, एलोरा कॉलोनी में फूड सेफ्टी जागरूकता,प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं ऑन द स्पॉट फूड टेस्टिंग कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

# युवाओं का चयन होने पर कंपनी द्वारा दिया जा रहा प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



युवा संगम कार्यक्रम के तहत आयोजित जिले में रोजगार मेला, अप्रेंटिसशिप मेला एवं स्वरोजगार में आकांक्षी युवाओं के लिए उल्लेखनीय कार्य किया गया है। बेरोजगार युवाओं को कौशल एवं रोजगार से जोड़ने हेतु प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित किये जा रहे है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को रोजगार और कौशल विकास के अवसर प्रदान करना है। इसी क्रम में तेंदूखेडा और जबेरा से मेले में 11 युवाओं ने एल.एण्ड.टी प्रशिक्षण केन्द्र लखनादौन में प्रवेश लिया। सभी युवाओं को एल.एण्ड.टी कंपनी द्वारा 2 माह का निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है, प्रशिक्षण उपरांत एल.एण्ड.टी कंपनी द्वारा सभी युवाओं को 18000 से 24000 प्रति माह की नौकरी एवं अन्य सुविधाओं दी जाएगी। ज्ञातव्य है कि मई माह के अंतिम सप्ताह में हटा, जबेरा एवं तेंदूखेड़ा और अन्य स्थानों में एल.एंड.टी. कंपनी ने बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार शिविर आयोजित किया था। इस दौरान समन्वयक लार्सन एंड टुब्रो ( एल.एंड.टी ) कमल चंद्रवंशी ने युवाओं से कहा था कंपनी द्वारा प्रशिक्षण 2 माह देने के बाद कंपनी में ही रोजगार प्रदान करेगी ।

उन्होने बताया एल.एंड.टी. कंपनी भारत की निर्माण कार्य में संलग्न कंपनी है, जिसके द्वारा सरकार के विभिन्न प्रोजेक्ट पर कार्य किया जा रहा है, यहॉ बड़ी संख्या में स्किल्ड युवाओं की आवश्यकता है, जिसके लिए कंपनी लखनादौन में ट्रेनिंग सेंटर चला रही है, 2 माह का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिले के 11 युवाओं का लखनादौन ट्रेनिंग में जाने की इच्छा व्यक्त की थी और अब यहॉ पर जबेरा और तेंदूखेड़ा के 11 युवा 2 माह का प्रशिक्षण ले रहे है। दमोह जिले की तहसील जबेरा के पूर्वेंद्र सिंह लोधी कहते हैं जबेरा ब्लॉक में रोजगार मेला का आयोजन किया गया था, जिसमें एल.एंड.टी कंपनी आई थी और काफी अच्छी कंपनी है, लखनादौन में 2 माह का प्रशिक्षण चल रहा है, उसमें रहना, खाना, पीना सब फ्री है और खेलने की काफी अच्छी व्यवस्था है और कलेक्टर का मैं धन्यवाद करना चाहता हूँ, कि हम बेरोजगारों को रोजगार की राह मिली। तहसील जबेरा के ग्राम कोंड़ाकला निवासी कृष्णा राय कहते हैं कलेक्टर सर के सहयोग से जबेरा ब्लॉक में रोजगार मेला का आयोजन किया गया था, जिसमे एल.एंड.टी कंपनी आई थी वहॉ जाकर हमको पता चला कि एल.एंड.टी कंपनी 2 माह का प्रशिक्षण और रहने, खाने की फ्री सुविधा दे रही है। हम लोग ट्रेनिंग के लिये अभी लखनादौन आये है और कंपनी द्वारा खाने, पीने और खेल सुविधा की जो जानकारी दी गयी थी वह सभी प्रशिक्षण केंद्र में उपलब्ध है। मैं कलेक्टर सर का धन्यवाद करना चाहता हूँ कि हम लोगों को ऐसा मौका प्रदान करने में सहयोग किया।

तहसील जबेरा के ग्राम मझगुवां के रहने वाले बृजेंद्र सिंह राजपूत कहते हैं कलेक्टर सर के सहयोग से जबेरा में रोजगार शिविर का आयोजन हुआ था, जिसमें एल.एंड.टी कंपनी का आगमन हुआ, जिसमें हमें बताया गया कि 2 महीने की ट्रेनिंग के बाद हमें परमानेंट रोजगार दिया जाएगा। जिसके तहत हम ट्रेनिंग करने के लिए लखनादौन में आए हैं। यहाँ की व्यवस्थाएँ हैं, काफी अच्छी हैं और कंपनी ने बोला था कि हमारी तरफ से रहना, खाना की व्यवस्था निःशुल्क रहेंगी जो कि काफी अच्छी है। यहाँ पर खेलने कूदने की भी व्यवस्थाएँ अच्छी हैं और जो कंपनी ने बोला था वह करके दिखाया। प्रशिक्षण के लिये युवाओं में योग्यता/अहर्ताएं इस प्रकार है यथा उम्र 18 से 34 वर्ष, ऊंचाई कम से कम 155 सेंमी (5 फिट 2 इंच), प्रशिक्षण अवधि 2 माह, निःशुल्क (आवास, प्रशिक्षण एंव भोजन ), योग्यता 5 वी से 12 या आई.टी.आई ,अंक सूची,आधार कार्ड, पेन कार्ड, बैंक पासबुक, 4 पासपोर्ट साइज फोटो, चादर बिस्तर आदि सामग्री आवश्यक है। प्रशिक्षण केन्द्र का पता एल.एण्ड.टी प्रशिक्षण केन्द्र चंदन छात्रावास वन विद्यालय लखनादौन जिला सिवनी (म.प्र.), यह प्रशिक्षण केवल पुरुषों के लिए है एवं प्रशिक्षार्थियों को शारीरिक रूप से स्वस्थ होना चाहिए।

# लाड़ली बहनों को मिली जून माह की आर्थिक सहायता राशि

**पन्ना।**



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज जबलपुर जिले के बरगी में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम के माध्यम से मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की लाभार्थी महिलाओं को वर्तमान जून माह की आर्थिक सहायता राशि सिंगल क्लिक के जरिए अंतरित की। इस अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन कलेक्टेट के एनआईसी कक्ष में किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित कलेक्टर सुरेश कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी अवधेश कुमार सिंह सहित श्रम पदाधिकारी, जिला समन्वयक पोषण अभियान, बाल विकास परियोजना अधिकारी पन्ना शहरी, सेक्टर पर्यवेक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा हितग्राहियों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव के उद्बोधन को सुना। सभी ग्राम पंचायतों, ग्रामों एवं वार्डो में भी लाइव प्रसारण के माध्यम से लोगों द्वारा उत्साहपूर्वक कार्यक्रम देखा एवं सुना गया। पन्ना जिले की एक लाख 83 हजार 228 लाड़ली बहनों को योजना की 25वीं किस्त के तहत 22.42 करोड़ रूपए का भुगतान बैंक खाते में किया गया। इसके अलावा सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग अंतर्गत एक लाख 2 हजार 274 हितग्राहियों को 11 योजनाओं की 6 करोड़ 13 लाख रूपए की राशि भी अंतरित की गई।

# महिला खिलाड़ियों की चयन प्रक्रिया संपन्न



**दमोह।** मध्य प्रदेश खेल युवक कल्याण विभाग के दिशा निर्देशन मे महिला पुरुष हॉकी खिलाडियो का चयन जारी है। विगत दिवस सागर में महिला चयन प्रक्रिया संपन्न हुई जिसमे खेल अधिकारी सेफ उल्ला के नेतृत्व मे दमोह की बेटियो ने भाग लिया। फाइनल चयन मे ग्वालियर मे सोलह से अठारह जून तक संपन्न होगा। दमोह से उक्त चयन प्रक्रिया मे स्वाति नामदेव हर्षिता रजक भाग ले रही है। कोच रियाज के मार्गदर्शन मे हॉकी के गुर सीख रही है विषम स्थिति तथा माता पिता का सहयोग से आगे बढने के लिए प्रयास रत है। हॉकी दमोह भी इन बेटियो को दिशा दे रहा ग्वालियर रवाना होते समय हॉकी दमोह की ओर से भगवान सिंह ने दोनो बेटियो को पन्द्रह पन्द्रह सो रुपये की नगद राशि प्रदान की है। परिवार ने बेटियो को जाने मना कर दिया था। दूरसंचार के माध्यम से तरूण नामदेव ने संपर्क कर बेटियो के लिए ग्वालियर भेजा बेटियो की उपलब्धि पर हरिशंकर राजेश विजय ठाकुर कफील अल्ताफ असार संतोष सेन विकास जुबेर विवियन तथा ललित नायक ने बधाई दी है।

## जरारूधाम गौ-अभ्यारण में श्री दादा गुरू जी के साथ वृक्षारोपण करेंगे पंचायत मंत्री

**दमोह।** प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास, श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल 17 जून 2025 को दमोह आयेंगे। आप अपरान्ह 2 बजे भोपाल से प्रस्थान कर व्हाया रायसेन-विदिशा-सागर होते हुये शाम 6.30 बजे दमोह पहुंचकर और सागर नाका चौकी के पीछे संजय सरवरिया के निवास जायेंगे। मंत्री श्री पटेल शाम 6.45 बजे बैशाली नगर डॉ.संगतानी के निवास, शाम 7 बजे जबलपुर नाका स्मार्ट होम्स दुकान का उद्घाटन करेंगे। आप शाम 7.30 बजे घण्टाघर के पास श्री देव हनुमान गढ़ी मंदिर में भगवान के दर्शन एवं पूजन करेंगे। रात्रि 8 बजे सर्किट हाऊस पहुचेंगे समय आरक्षित रखा गया है। जरारूधाम गौ-अभ्यारण में रात्रि विश्राम करेंगे। पंचायत मंत्री श्री पटेल 18 जून को प्रातः 9 बजे से 10 बजे तक जरारूधाम गौ-अभ्यारण में श्री दादा गुरू जी के साथ वृक्षारोपण कार्यक्रम में शामिल होंगे।

### कोई मीटर शंट तो कोई मीटर बाइपास करके कर रहा बिजली चोरी

# विद्युत चोरी पर विद्युत विभाग का बड़ा एक्शन 645 प्रकरण दर्ज, पांच मीटर रीडर बर्खास्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



दमोह शहर में विद्युत विभाग द्वारा बिजली चोरी के खिलाफ लगातार चलाए जा रहे अभियान में चौंकाने वाले खुलासे सामने आए हैं। विभाग की छापामार कार्रवाई के दौरान 322 मीटरों में शंटिंग एवं बायपास की घटनाएं पकड़ी गईं, वहीं 310 स्थानों पर सर्विस लाइन में कट लगाकर चोरी करने व अन्य अनियमितताएं पाई गईं। विद्युत चोरी की इन घटनाओं को देखते हुए विभाग ने कार्यवाही करते हुए अब तक कुल 645 विद्युत अनियमितता के प्रकरण दर्ज किए हैं। विभाग के अनुसार हर महीने औसतन 100 से 110 अनियमितता प्रकरण बनाए जा रहे हैं। साठगांठ कर विद्युत अनियमितता कराने वाले मीटर रीडर्स पर बड़ी कार्यवाही की गई है, ऐसे मीटर रीडर जो उपभोक्ता ओं को विद्युत अनियमितता में बढावा दे रहे थे उन्हें चिन्हित कर विद्युत विभाग ने नौकरी से बाहर का रास्तान दिखाया। विद्युत विभाग ने इस कार्रवाई में बड़ी लापरवाही और साठगांठ करते हुए पाए गए पांच मीटर रीडर्स को बर्खास्त कर दिया ये मीटर रीडर उपभोक्ताओं को गलत लाभ पहुंचाने के लिए कम रीडिंग दर्ज कर रहे थे, जिससे उपभोक्ताओं को गर्मियों के महीनों में कम रीडिंग का बिल देकर उन्हें आगे के महीनों में बिल में लाभ मिलता था। विभाग द्वारा लापरवाही करने वाले अमित पटेल, अमान खान, शिवकांत प्यागसी, दिलीप कुमार कनौजिया, दीपक उपाध्याहय को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त किया गया है।

विद्युत विभाग द्वारा उपभोक्ताओं की सुविधा और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। विद्युत विभाग लगातार बिजली खपत में पारदर्शिता बनाए रखने में कार्यरत है, जिनके यहां लंबे समय से खराब मीटर लगा है और रीडिंग खपत सही नहीं आ रही है ऐसे 4400 उपभोक्ताओं के मीटर बदलने की प्रक्रिया प्रगति पर है। स्मार्ट मीटर लगने के बाद उपभोक्ताओं को अब हर 30 दिन में नियमित बिल प्राप्त हो रहा है, जिससे बिलिंग प्रक्रिया में पारदर्शिता आई है और बिजली चोरी पर भी अंकुश लगा है। यदि किसी विद्युत उपभोक्ता को स्मार्ट मीटर की रीडिंग को पुराने मीटर की रीडिंग से चेक कराना होता है तो चेक मीटर लगाकर रीडिंग का मिलान कराया जाता है अब तक दमोह शहर में 710 चेक मीटर लगाए जा चुके हैं, साथ ही उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए दमोह शहर में मीटर टेस्टिंग लैब की सुविधा भी उपलब्ध है, जहां वे स्वयं उपस्थित होकर मीटर की सटीकता की जांच करवा सकते हैं। कार्यपालन अभियंता एम.एल.साहू ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे बिजली की खपत को कम करने के लिए एनर्जी एफिशिएंट उपकरणों का उपयोग करें, जिससे न केवल उनके मासिक बिल कम होंगे, बल्कि ऊर्जा संरक्षण में भी योगदान मिलेगा।

## रिश्वत लेने वाले रोजगार सहायक को न्यायालय ने सुनाई चार वर्ष की सजा

### प्रधानमंत्री आवास योजना की तीसरी किश्ते 40000 रूपये के ऐवज में मांगी गई थी रिश्वत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

न्यायालय विशेष न्यायाधीश भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम संतोष कुमार गुप्ताई की अदालत ने आरोपी संतोष कुमार विश्वगकर्मा उम्र 35 वर्ष तत्कानलीन रोजगार सहायक ग्राम पंचायत रसीलपुर जनपद पंचायत हटा को दोषसिद्ध पाते हुए भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (संशोधन -2018 ) की धारा धारा 13(1)बी सहपठित धारा 13(2) में दोषसिद्ध करते हुए 04 वर्ष का सश्रम कारावास व 1000 रूपये अर्थदण्डण से दण्डित किया गया। 21 जून 2017 को रमेश कुर्मी, निवासी ग्राम रसीलपुर, द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई थी कि प्रधानमंत्री आवास योजना की तीसरी किश्त के भुगतान हेतु ग्राम रोजगार सहायक संतोष कुमार विश्वकर्मा द्वारा 10,000 की रिश्वत मांगी जा रही है। पूर्व में दो किश्तों के लिए आरोपी 10,000 की रिश्वत ले चुका था.शिकायत की पुष्टि के उपरांत 24 जून 2017 को लोकायुक्त पुलिस सागर द्वारा ट्रैप कार्रवाई की गई। जिसमें आरोपी ने 5,000 की रिश्वत ली जाकर सह आरोपी रूपनारायण पटेल को दे दी गई थी। विवेचना में संकलित भौतिक, मौखिक व इलेक्ट्रानिक अभिलेखीय साक्ष्य के आधार पर आरोपीगण के विरूद्ध अभियोग पत्र माननीय न्यायालय पेश किया गया। मामले में दस्तावेजी साक्ष्य व मौखिक साक्ष्य व अभियोजन द्वारा प्रस्तुत तर्कों से सहमत होकर माननीय न्यायालय द्वारा मंगलवार को पारित निर्णय में आरोपी संतोष कुमार विश्वकर्मा को दण्डित किया गया।

अभियोजन की ओर से पैरवी सहायक जिला अभियोजन अधिकारी अनंत सिंह ठाकुर द्वारा सहायक निदेशक अभियोजन धर्मेन्द्र सिंह तारन के मार्गदर्शन में की गई व प्रकरण में विवेचना निरीक्षक संतोष जामरा द्वारा की गई साथ ही सहायक ग्रेड तीन विनय नामदेव द्वारा आवश्य्क सहयोग किया गया।

## जबेरा में स्मार्ट मीटर के विरोध में नारेबाजी करते हुए सौंपा ज्ञापन



**जबेरा।** स्मार्ट मीटर लगाए जाने और उनसे आ रहे मनमाने बिजली बिल के विरोध में मंगलवार को नगर वासियों ने स्मार्ट मीटर के विरोध में जमकर नारेबाजी करते हुए कनिष्ठ अभियंता एम के मेहतो को ज्ञापन सौपा है। ज्ञापन में मांग करते हुए कहा है कि सभी ग्रामवासी स्मार्ट मीटर लगाए जाने के बाद से बहुत परेशान हैं पुराने बिजली के मीटरों की अपेक्षा स्मार्ट मीटर से लगभग 10 गुना बिजली बिल अधिक का दिया जा रहा है। जो उपभोक्ताओं को सीधे तौर पर लूटा जा रहा है स्मार्ट मीटर लगने के पहले भी घरो में यही विद्युत उपकरण थे जो आज उपयोग किये जा रहे हैं। लेकिन बिजली का बिल इतना कभी नहीं आता था जितना कि अब दिया जा रहा है। ज्ञापन में बताया गया कि मीटर लगाए जाने के बाद भी बिजली की खपत 75 से 114 यूनिट कर दी गई और बिजली विभाग के नियम अनुसार 149 यूनिट तक शासन की सब्सिडी दी जाती है जबकि 149 यूनिट से कम खपत के बाद भी सब्सिडी नहीं दी गई। इसी तरह स्मार्ट मीटर लगाए जाने के बाद से लगभग 10 गुना तेज रीडिंग दर्शायी जा रही है जबकि इतनी खपत पहले कभी नहीं होती थी। ज्ञापन में मांग करते हुए कहा है कि चार कार्य दिवस के भीतर सभी बिजली उपभोक्ताओं का बिजली बिल सुधार कर दिया जाए और स्मार्ट मीटर हटाकर पुनः पुराने मीटर लगाए जाएं। इसके पूर्व ग्राम वासियों द्वारा बिजली विभाग पहुंचकर करीब घंटे भर तक बिजली विभाग एवं स्मार्ट मीटर के विरोध में नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया गया। ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से शिवम यादव, गोविंद तिवारी, अखिलेश सोनी, ओम प्रकाश शर्मा, दिनेश शास्त्री, मोहित राजपूत, राजकुमार नामदेव, कपिल खटीक, अमन ठाकुर, विजय गौड़, सोनू रैकवार, दीपक ठाकुर, पप्पू सेन, संतोष यादव, अमन घोसी, पप्पू घोसी, अर्जित ठाकुर, गुड्डा वाजपेई सहित अनेकों ग्रामवासी मौजूद रहे।

## एसआईएस सिक्योरिटी गार्ड की होगी भर्ती

**दमोह।** जिसमें 2500 सुरक्षा गार्ड 50 सुरक्षा सुपरवाइजर DH-150 का चयन किया जाएगा जिसकी जानकारी एसआईएस लिमिटेड भर्ती के अधिकारी लक्ष्मी नारायण सिंह ने दी है उन्होंने बताया कि विशेष भर्ती अभियान के तहत सुरक्षा गार्ड और सुरक्षा सुपरवाइजर CIT, DH, GTO के पद पर गरीब शिक्षित और बेरोजगार युवाओं को भविष्य निर्माण का मौका दिया जाएगा शिविर कैंप में 10वीं, 12वीं के सफल 19 से 40 वर्ष आयु वर्ग के अभ्यर्थी शामिल हो सकेंगे इसमें शामिल होने वाले अभ्यर्थी को मैट्रिक का मार्कशीट आधार कार्ड साथ लाना जरूरी होगा। उन्होंने बताया कि चयन में शैक्षणिक योग्यता 10वी पास के साथ ही ऊंचाई कम से कम 167.5 सेंटीमीटर 56 से 90 किलोग्राम वजन होना अनिवार्य है विशेष जानकारी के लिए मोबाइल नंबर पर संपर्क करने की अपील की। अधिकारी ने बताया कि चयनित होने के बाद अभ्यर्थियों को कंपनी के फॉर्म पर रुपए 350 आवेदन जमा करना होगा।

### 6 गोल्ड और 1 ब्रॉन्ज मेडल जीतकर दमोह बना प्रदेश में गौरव का प्रतीक....

# रीवा राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में दमोह के खिलाड़ियों की ऐतिहासिक सफलता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

मध्यप्रदेश के रीवा मे आयोजित दिनांक 13 से 15 जून 2025 तक राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में दमोह ताइक्वांडो अकादमी के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम प्रदेश स्तर पर रोशन किया। प्रतियोगिता में दमोह से कुल 7 खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिनमें से 6 खिलाड़ियों ने गोल्ड मेडल और 1 खिलाड़ी ने ब्रॉन्ज मेडल हासिल कर दमोह को गौरवान्वित किया। प्रतियोगिता में रितिक पारोचे, जया रेकवार, वैदिका मलैया, दिव्या सोनी, इंतखाब खान और गुंजन जैन ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक (गोल्ड मेडल) जीते। वहीं प्रियांशू रजक ने साहसिक मुकाबले में कांस्य पदक (ब्रॉन्ज मेडल) अपने नाम किया। इस प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का मार्गदर्शन और प्रशिक्षण दमोह ताइक्वांडो अकादमी के अनुभवी कोच नीरज दुबे एवं निधी दुबे द्वारा किया गया। कोच नीरज दुबे ने बताया कि यह सफलता खिलाड़ियों की मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास का परिणाम है। दमोह ताइक्वांडो अकादमी की सीनियर खिलाड़ी आद्रिका दुबे ने जानकारी देते हुए बताया कि अकादमी निरंतर बच्चों को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार कर रही है। यह जीत न केवल खिलाड़ियों की व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि जिले की खेल संस्कृति के लिए भी गर्व का विषय है। इस अवसर पर जिले के खेल प्रेमियों, अभिभावकों और प्रशिक्षकों ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# संगठन सृजन अभियान कार्यक्रम नेतृत्व को नये सिरे से दिशा देगा- कल्याण काले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



संगठन को सशक्त करने चलाये जा रहे संगठन सृजन अभियान के तहत जिला कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर जिला कांग्रेस कार्यालय में जिला स्तरीय बैठक को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पर्यवेक्षक महाराष्ट्र प्रदेश से सांसद कल्याण काले ने कहा कि संगठन को लेकर राहुल गांधी जी बहुत जमकर गंभीर है अब जो समय आया है वह संगठन की पुर्नरचना और जनता से सीधे जनसंपर्क का है कांग्रेसजन संवेदना शीलता के साथ गांव गांव वार्ड वार्ड तक पहुंचे। जिला कांग्रेस प्रभारी हर्ष यादव ने कहा कि अब हमारा उद्वेश्यकेवल चुनाव नहीं जनविश्वास के निर्माण का भी है। महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष विभा पटेल ने कहा कि लाढ़ली बहनाओ के साथ प्रदेश सरकार छलावा कर रही है प्रदेश कांग्रेस के पूर्व महासचिव भुवन विक्रम सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार में युवाओ को गुमराह किया जा रहा है वह अपराध की और अग्रसर हो रहे है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रतनचंद जैन ने कहा कि उन्होनें अपने कार्यकाल में संगठन को मजबूती प्रदान की है और भविष्य में भी करते रहेगें। पूर्व विधायक अजय टंडन ने कहा कि भाजपा तरह तरह के प्रोपेगंडे रचकर सत्ता में तो आ गई किंतु जमीनी सतह पर पूरी तरह विफल हैं। राजा पटैरिया, प्रताप सिंह, रूद्र प्रताप सिंह, मनु मिश्रा, मानक पटेल, संजय चौरसिया, तरवर सींग, वीरेन्द्र दबे, तिलक सींग, स्नेह लता, राजा राय, लक्ष्मण सींग, तान्या सालोमन, राजेश तिवारी, परम यादव, लालचंद राय, निधि श्रीवास्तव, तेजीराम रोहित, प्रजु यशोधरन, वीरेन्द्र राजपूत, परम यादव, लालचंद राय, नितिन मिश्रा, शमीम कुरैशी, शाहित नूर, प्रदीप पटेल, बबलू भट्ट, आशीष पटेल, अरूण मिश्रा, रोहन पाठक, आशुतोष शर्मा, भूपेन्द्र आजवानी, मंजीत यादव ने भी पर्यवेक्षक जी से वन टू वन चर्चा करते हुए कांग्रेस संगठन नवाकार कैसे किया जायें उसको लेकर सुझाव दिये।

## 332 आवेदनों पर हुई सुनवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक 10 में जिले भर से आये नागरिकों की आज जनसुनवाई में समस्याएं सुनी। इस दौरान सामान्य जनसुवाई में 332 आवेदनों पर सुनवाई करते हुये संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई के दौरान 210 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ ही 65 आधार कार्ड सम्बन्धी कार्य किये गए। इस दौरान अपर कलेक्टर मीना मसराम, लोकसेवा प्रबंधक चक्रेश पटेल सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे। आयोजित जनसुनवाई में दमोह की रजनी जैन ने किसान सम्मान निधि राशि के सबंध में आवेदन प्रस्तुत किया। इसी प्रकार मागंज वार्ड नं 03 दमोह की अंकिता द्विवेदी ने मकान का पट्टा दिलाने, ग्राम टिकरी धाट घनश्याम और खिलान ने राशन दिलाने, ताराबाई सेन ने पति की मृत्यु हो जाने के कारण पेंशन सबंधी आवेदन प्रस्तुत किया। इसी तरह अन्य आवेदकों ने अपनी बातों, समस्याओं तथा इसी प्रकार कुछ सामूहिक आवेदन भी दिये गये।

### 25 पंचायतों में जन सुनवाई

25 पंचायतों में जनसुनवाई के क्रम में कुल 28 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें 24 निराकृत एवं 04 आवेदन लंबित हैं। इसमें सीतानगर, पतलौनी, कुम्हारी सहित चिन्हित 25 जनपद पंचायत स्तर पर जन सुनवाई की गई।

### ग्राम पंचायत खमरगौर का मामला, मृत महिला के नाम से निकली मनरेगा की राशि

# पंचायत सचिव ने सरपंच और रोजगार सहायक पर लगाये भ्रष्टाचार के आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गेसाबाद

अक्सर यह देखा जाता था कि ग्रामीण जन पंचायतो की शिकायत किया करते थे, लेकिन ग्राम पंचायत खमरगौर में एक अनोखा मामला प्रकाश में आया है, जिसमें पंचायत में पदस्थ सचिव ने ही रोजगार सहायक एवं सरपंच पर गंभीर आरोप लगाते हुए एक लिखित शिकायत कमिश्नर सागर, कलेक्टर दमोह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी दमोह एवं जनपद सीईओ हटा को दिनांक 16/ 6/ 2025 को दी है। प्राप्त जानकारी मुताबिक ग्राम पंचायत खमरगौर में पदस्थ सचिव अनिरुद्ध सिंह राजपूत द्वारा दिए गए शिकायती पत्र में उल्लेख किया है की ग्राम पंचायत खमरगौर में वर्ष 2022-23 वर्ष 2023 -24 में मनरेगा योजनाअंतर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्य किए गए हैं जिसमें सरपंच एवं ग्राम रोजगार सहायक योगेश दीक्षित द्वारा भारी अनियमिकताएं की गई है। शिकायतकर्ता द्वारा बताया गया कि ग्रेविइंन निर्माण कार्य कुडरी हार के नाले पर- स्वीकृत राशि 16 लाख, ब्यय लगभग 16 लाख, खेत सड़क निर्माण शांतिधाम से धौरा घाट की ओर- स्वीकृत राशि लगभग 15 लाख खकरी बाउंड्री बाल निर्माण कार्य- स्वीकृत राशि भाग 1 - 15 लाख ! भाग 2 - स्वीकृत राशि 15 लख ,व्यय 14 लाख 50 हजार रुपए। शिकायतकर्ता द्वारा शिकायत में यह उल्लेख किया गया है कि खकरी निर्माण दो भागों में स्वीकृत किया गया था एक भाग की लंबाई लगभग 150 मीटर होती है दोनों भागों की लंबाई लगभग 300 मीटर होगी ,दोनों भागों की स्वीकृत राशि 30 लाख रुपए परंतु सरपंच एवं रोजगार सहायक द्वारा 70 से 80 मीटर में ही निर्माण कार्य कराया गया है और संपूर्ण राशि मनरेगा योजना अंतर्गत भुगतान करा लिया गया है। दोनों भागों की जांच कराई जाए दोनों निर्माण कार्यों का मूल्यांकन भी नहीं है और संबंधित रोजगार सहायक द्वारा उक्त दोनों कार्यों की ऑनलाइन सीसी जारी कर दी गई है। सचिवअनिरुद्ध सिंह राजपूत ने अपने शिकायती पत्र में लिखा है कि कुडरी हार नाला का जो निर्माण कार्य रोजगार सचिव द्वारा कराया गया है वह अपूर्ण है एवं उक्त निर्माण कार्य में एक मृत महिला राधा पति खुंसी कोरी, जॉब कार्ड क्रमांक 974 है, जिसकी मृत्यु दिनांक 19/ 8 /2022 को हो चुकी है रोजगार सहायक योगेश दीक्षित द्वारा दिनांक 31/8/ 2024 से 6 /9 /2024 तक अर्थात 6 दिवस कार्य मास्टर रोल नंबर 5690 राशि 1458 एवं दिनांक 7.9.2024 से 30, 9, 2024 तक 4 दिवसीय कार्य मास्टर रोल नंबर 5758 राशि 972 कुल राशि 2430 रुपए भारतीय स्टेट बैंक हिनौता के खाते में किया । शिकायतकर्ता द्वारा ऐसी अनेक अनियमिकताएं उजागर की गई है, सचिव अनिरुद्ध सिंह राजपूत ने यह उल्लेख किया है कि मैं दिसंबर 2024 से ग्राम पंचायत खमरगौर में पदस्थ हूं लेकिन मुझे जब से लेकर आज तक रोजगार सहायक द्वारा मनरेगा का चार्ज नहीं दिया गया। जबकि जनपद पंचायत हटा द्वारा योगेश दीक्षित को दो बार नोटिस दिया गया कि मनरेगा का चार्ज सचिव को दिया जाए लेकिन इसके बावजूद भी शासन के आदेश का पालन नहीं किया गया। आज भी मुझे मनरेगा का चार्ज नहीं दिया गया जिस कारण से मैं आरटीआई आवेदक को जानकारी नहीं दे पा रहा हूं। सचिव अनिरुद्ध सिंह राजपूत ने शासन और प्रशासन से पंचायत में व्याप्त अनियमिकताओं एवं निर्माण कार्यों की जांच कराए जाने की मांग की है। इस पूरे मामले पर जब जनपद सीईओ संजीव गोस्वामी से बात की तो उन्होंने बताया कि मैं अभी 2 दिन की छुट्टी पर हूं ऑफिस पहुंच कर देखता हूं मामला क्या है।

## खाद नहीं मिलने से नाराज किसानों ने दमोह सागर स्टेट हाईवे किया जाम



**दमोह।** खाद की कमी समूचे जिले में किसानों के लिए चिंता का विषय बनी हुई है। खाद न मिलने से नाराज किसानों ने मंगलवार दोपहर दमोह-सागर स्टेट हाईवे पर चक्काजाम कर प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया। इससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। सूचना मिलते ही सागर नाका चौकी पुलिस और तहसीलदार रघुनंदन चतुर्वेदी मौके पर पहुंचे और किसानों को समझाइश देकर धरना समाप्त करने की अपील की। अधिकारियों के आश्वासन के बाद किसानों ने प्रदर्शन खत्म किया। इसके बाद खाद वितरण भी शुरू कर दिया गया। करीब आधे घंटे तक यह मार्ग बंद रहा। किसानो ने बताया कि किसानों को सिर्फ दो बोरी डीएपी खाद दी जा रही है, जो उनकी जरूरतों के हिसाब से पर्याप्त नहीं है। वह भी दो से तीन दिन की लाइन के बाद मिल रही है। मंगलवार सुबह बड़ी संख्या में किसान विपणन संघ कार्यालय खाद लेने पहुंचे थे, लेकिन जब उन्हें मात्र दो बोरी खाद दी गई, तो उन्होंने आक्रोश में आकर सड़क पर प्रदर्शन शुरू कर दिया। किसानों की नाराजगी बढ़ती देख तहसीलदार और पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और विपणन संघ के अधिकारियों से बातचीत की। किसानों को आश्वासन दिया गया कि उन्हें पांच बोरी खाद उपलब्ध कराई जाएगी। इसके बाद किसानों ने प्रदर्शन समाप्त किया और जाम हटा लिया गया। तकरीबन एक घंटे तक दमोह-सागर हाईवे पर यातायात बाधित रहा। सभी किसान यही मांग कर रहे हैं कि उन्हें पर्याप्त मात्रा में खाद समय पर उपलब्ध कराई जाए, ताकि वे समय पर बोवनी कर सकें और फसल उत्पादन प्रभावित न हो।